# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 16.04.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले अभियुक्त 1.शिवशरण उर्फ शिवा पुत्र रामनरेश यादव निवासी बघौंड़ा 2.नत्थु सोनकर उर्फ नत्थी सोनकर पुत्र मइयादीन 3.ओमप्रकाश उर्फ पट्ट पुत्र मइयादीन 4.लवलेश पुत्र स्व0 मइयादीन निवासी रामायण मेला सीतापुर 5.महेश यादव पुत्र रामबदल निवासी गोलतालाब तुलसीनगर कर्वी 6.अनिल सिंह पुत्र दिलदार सिंह निवासी चकला चकौंध 7.विष्णु पुत्र अमरनाथ जोशी निवासी बलदाऊगंज कर्वी 8. राजू गौतम पुत्र गोरेलाल निवासी पुरवा तरौंहा 9. अर्जुन निषाद पुत्र देवीदीन निषाद निवासी टिकुरा कपसेठी 10. आशीष पटेल पुत्र जगनन्दन सिंह निवासी बेड़ी पुलिया रानीपुर भट्ट थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की।

**(3).** आज दिनांक 16.04.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद चित्रकूट से लगाये गये पुलिस बल को पुलिस लाइन्स चित्रकूट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया । लगाये गये पुलिस बल को यात्रा तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में हिदायत दी गयी साथ ही निर्देशित किया गया कि सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें यह एक महत्वपूर्ण ड्यूटी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। किसी भी व्यक्ति के द्वारा मतदान के

दौरान कोई अव्यवस्था की जाती है या मतदान को शान्तिपूर्ण वा निष्पक्ष होने से प्रभावित किया जाता है तो किसी भी दशा में उस व्यक्ति/अराजकतत्वों को रोकें तथा तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दें।

इस दौरान चुनाव डियूटी में लगे समस्त पुलिस बल को लंच बॉक्स, रास्ते के लिये नास्ता एवं फर्स्ट एड किट भी प्रदान की गयी एवं सभी से कहा गया कि कोई बस से रास्ते में नहीं उतरेगा, सभी कर्मचारीगण एक साथ गन्तव्य तक जायेंगे।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जय करन सिंह, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राकेश मौर्य के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राधेश्याम सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त उन्नत उर्फ जावेद पुत्र कल्लू निवासी हरदी कलां थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को 04 देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना बरगढ़ में विस्फोट पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

04 देशी बम

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राधेश्याम सिंह थाना बरगढ़

2.मुख्य आरक्षी रमेश चन्द्र

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त बब्बू सेन पुत्र मोहन सेन निवासी ऊंचाडीह थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को 90 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

90 क्वार्टर देशी शराब

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार थाना मानकिपुर

2.उ0नि0 यूटी0 श्री पवन चौधरी

3.आरक्षी जलील अहमद

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अशोक कुमार तथा उनके हमराही द्वारा मु0नं0 1765/2011 धारा 325,504,506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त बालकेश पटेल पुत्र भइयालाल निवासी भरतपुरी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अशोक कुमार थाना कोतवाली कर्वी

2.आरक्षी बहोरन सिंह

**(7).** आज दिनांक 15.04.2024 को आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत उपजिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद कुमार झा एवं क्षेत्राधिकार राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय द्वारा प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री श्याम प्रताप पटेल की उपस्थिति में थाना पहाड़ी के संवेदनशील ग्राम ओरा में जन-चौपाल का आयोजन कर लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र/निर्भीक निष्पक्ष अधिक से अधिक मतदान

करने हेतु जागरूक किया गया । इस दौरान ग्रामवासियों से उनकी समस्याएं पूछी गई एवं निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**(8).** पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्शों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0श्री विनय विक्रम सिंह तथा हमराही द्वारा अभियुक्त भानु प्रताप पुत्र रामसवारे निवासी ग्राम पिपरौंद थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।
थाना मऊ जनपद चित्रकूट

**बरामदगी**

01 किलो 200 ग्राम गांजा

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री विनय विक्रम सिंह चौकी प्रभारी खण्डेहा
2.आरक्षी प्रवीण पाण्डेय

**(9).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी श्री हरिओम सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय सिविल जज सीनियर डिवीजन/एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 565/2019 धारा 279,338 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त सुनील कुमार गुप्ता स्व0 शिव प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड नं0-11 लखमीपुर हथगांव थाना हथगांव जनपद फतेहपुर को 1500 रूपए के अर्थदण्ड तथा न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया गया।